हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 रेडक्रॉस का प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण ..



12 9 नवंबर से कटेंगे टोकन, 15 से धान खरीदी...





## खबर संक्षेप

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव, जांच जारी

**बालोद।** अर्जुन्दा बालोद मार्ग पर पेड़ में एक व्यक्ति का शव पेड़ से फांसी पर लटकते मिला। जिसके बाद राहगिरो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा बालोद मुख्य मार्ग पर बबूल के पेड़ में शव लटकते हुए मिलने की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा तथा शव का पंचनामा कर शव की पहचान मे जुट गई। जहां मार्ग पर आते जाते राहगिर भी फांसी पर लटके शव को देखने पहुंचे जहां पुलिस की पूछताछ मे शव मे लटकते युवक की पहचान ग्राम खुरसुल निवासी डोमन साहू के रूप मे हुई है। युवक ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### गुरुद्वारा में 40 हजार की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित गुरूद्वारा में घुसकर एक चोर ने 40 हजार की चोर कर दी। जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। मरारपारा बालोद वार्ड क्र. 9 निवासी धीरज कुमार चोपड़ा ने पुलिस को बताया कि गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा बालोद में 26 अक्टूबर को चोरी होने के कारण गुरूद्वारा के सामने लगे सी.सी. टी.व्ही. फुटेज विडियो को देखने पर 26 अक्टूबर के 11:23 को गुरूद्वारा के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति दिवाल फांदकर गुरूद्वारा के अंदर घुसकर दान पेटी से चोरी कर 11:42 बजे गुरूद्वारा के बाहर निकलते देखा गया। अज्ञात चोर द्वारा गुरूद्वारा के दान पेटी में रखे नगदी लगभग 40 हजार चोरी हुई है।

### कार की ठोकर से मोटर सायकिल सवार घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल के माध्यम से खेत से वापस घर आ रहे युवक को कार ने ठोकर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। जिसके बाद युवक के भाई ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम लिमोरा निवासी योगेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि ग्राम चारभांठा में शिक्षक में हूं, 27 अक्टूबर को सुबह करीबन 08 बजे मेरा चचेरा भाई देवकुमार साहू खेत गया था, जो खेत से घर वापस आ रहा था कि गुण्डरदेही से बालोद की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 07 एपी 2204 के चालक ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 टी 6090 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से मेरे चचेरा भाई देवकुमार साहू को सिर व दाहिना पैर में चोंट लगा है व मोटर साईकिल क्षतिग्रस्त हो गया है।

### पति ने रुपए के लिए पत्नी पर किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**बालोद।** पत्नी द्वारा मायके वालो को दिए गए पैसे मांगने से मना करने पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सुन्दरा राजनांदगांव निवासी हामीन साहू ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में अपने नाना ससूर के घर ग्राम भालुकोन्हा में रहती हूं। 28 अक्टूबर को करीबन 08 बजे सुबह मैं अपने घर भालुकोन्हा में खाना बना रही थी उसी समय मेरे पति योगेश साहू आया और बोला कि तुम मेरे पैसे को अपने मायके में दिये हो, उस पैसे को मांगने बोला, तो मैं मायके से पैसा मांगने के लिए मना की, तो मेरा पति योगेश साहू मुझे गाली गलौज कर हाथ मुक्का व बांस के डण्डा से मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे सिर, बाये हाथ, कमर, सीना में चोट लगा है, व सिर से खुन निकला है। मारपीट करने से अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसी नाना ससुर गणेश राम साहू के घर गई।

# जल संचयन और जन भागीदारी अभियान में बालोद की परफार्मिंग देश में प्रथम

## कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के नेतृत्व की राष्ट्रीय जल मिशन ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जल संचयन जन भागीदारी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2 करोड़ का प्रोत्साहन राशि मिलेगा

राष्ट्रीय जल मिशन की अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक अर्चना वर्मा ने बालोद जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को जल संचयन, जन भागीदारी अभियान अंतर्गत बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय जल मिशन की अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक अर्चना वर्मा ने पत्र भेजकर कहा कि जल–सुरक्षित भविष्य के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश के नेतृत्व और कृष्टिकोण तथा परिवर्तन लाने में आपकी क्षमता ने न केवल जल संरक्षण में बल्कि व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने पत्र मे कहा कि कलेक्टर मिश्रा ने जल संचयन, जन भागीदारी के अंतर्गत समुदाय–नेतृत्व वाले जल संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहित करके न केवल अपने जिले में जल–सकारात्मक कार्रवाई को प्रेरित किया है बल्कि जल के प्रति सम्मान को पुनः जगाने में भी मदद की है। अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक अर्चना वर्मा ने आशा व्यक्त किया है कि हम अब जल संचयन, जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत 01 करोड़ कृत्रिम पुनर्भरण और जल संरक्षण संरचनाएँ बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व और समर्पण पर भरोसा व्यक्त करते हुए इस दिशा में बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि बालोद जिला एक बार फिर इस अवसर पर खरा उतरेगा और आपके नेतृत्व में जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से दूसरों को भी प्रेरित करेगा।



### बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप जिले को मिला उपलब्धि

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 'जल संचयन जन भागीदारी' (जेएसजेबी 1.0) के तहत जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को 02 करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा 'जल संचयन जन भागीदारी' के कार्यों के अंतर्गत पूरे देश में बालोद जिले को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर यह प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। जल संचयन एवं जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0) के तहत जोन 02 में शामिल बालोद जिले में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के सतत मार्गदर्शन में समाज के सभी वर्गों के सहभागिता से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु किए गए बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप बालोद जिले को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त होने जा रहा है।

## कार्रवाई : साक्ष्य छिपाने के लिए मां के साथ मिलकर शव को जंगल में फेंका

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

- बेटे ने बसुला से की बाप की हत्या

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में थाना डौण्डीलोहारा को सफलता मिली। शराब के नशे में बेटे ने ही बाप की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद साक्ष्य को छुपाने में मां ने बेटे की सहायता की। घटना में बसुला से सिर में मारकर हत्या करने वाले आरोपी मां बेटा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शव को बोरी में भरकर मोटर साईकिल से गुरामी के जंगल में ले जाकर फेंक दिये थे। हत्या कर शव को फेंकने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

28 अक्टूबर को ग्राम गुरामी कोटवार कुशल राम गंधर्व पिता स्व. सोनसाय गधर्व 45 वर्ष के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ग्राम गुरामी के जंगल में किसी अज्ञात पुरुष का शव पड़ा हुआ है। जिसके शव को देखने पर सिर मे व चेहरे मे चोट का निशान एवं खून से लथपथ दिखाई दे रहा है, जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर पंचनामा तैयार कर मृतक का फोटो वाट्सअप गुरप में डालकर आसपास के लोगों व ग्रामीणों से पहचान कराया गया। जिसके बाद मृतक की पहचान ग्राम अरजपुरी निवासी भूशण नेताम पिता लैनू राम नेताम 53 वर्श के रूप में हुआ। मृतक के परिजन एवं गांव वालो को सूचित कर उनके समक्ष अज्ञात शव का पहचान किया गया। जांच मे मृतक भूशण नेताम के सिर व चेहरे तरफ गंभीर चोट आने से मृतक की धारदार हथियार से मारकर हत्या पाए जाने पर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### भेजे गए जेल

जांच के दौरान 29 अक्टूबर को मृतक का पुत्र लिलेश नेताम 23 वर्श एवं मृतक की पत्नी सकुल बाई नेताम 43 वर्श से पुलिस ने पूछताछ किया, जिसमे पुलिस को पता चला कि पिता पुत्र के बीच शराब पीने के बाद वाद विवाद के चलते घर मे रखे लोहे का धारदार बसुला से मृतक के सिर व चेहरा मे मारकर हत्या किये थे, तथा साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के शव को मां बेटे मिलकर प्लास्टिक की बोरी में शव को भरकर अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एल 7912 से ग्राम अरजपुरी से ग्राम गुरामी के जंगल मे ले जाकर फेक दिये थे। आरोपी लिलेश नेताम से घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं एक लोहे का बसुला बरामद कर जप्त किया गया है। घटना में शामिल आरोपी ग्राम अरजपुरी थाना मंगचूवा निवासी लिलेश कुमार नेताम 23 वर्ष तथा उसकी मां सकुल बाई नेताम 44 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# मां-बेटे के साथ दो लोगों ने की गाली-गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पुलिस ने दर्ज किया मामला

अपनी मां बेटे के साथ दो लोगों ने गाली गलौज के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद महिला ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। ग्राम तिलोदा वार्ड क्र0 03 गोड पारा गौरा चौरा थाना रनचिरई निवासी शकुन बाई चंद्राकर 63 वर्श ने पुलिस को बताया कि 26 अक्टूबर को दिन में सुबह 09.30 बजे स्कूल पारा में अपनी बाडी मे गयी थी, बाडी के बगल मकान मे रहने वाली गोमती चंद्राकर एवं उसके पति चंद्रशेखर चंद्राकर मेरे साथ झगडा विवाद किये थे, तब मैं उनसे कोई झगडा विवाद नही कर घर आ गयी थी।

28 अक्टूबर को मेरा बेटा डिगेश्वर चंद्राकर घर आया तो मैने उसे 26 अक्टूबर की घटना की बात बतायी, तब मेरा बेटा डिगेश्वर चंद्राकर 28 अक्टूबर के दोपहर करीबन 01.30 बजे चंद्रशेखर चंद्राकर के घर समझाईस देने गया था, जहां उसके घर के सामने चंद्रशेखर चंद्राकर से उक्त घटना के बारे में बात कर समझाईस दे रहा था, उसी दौरान चंद्रशेखर चंद्राकर गुस्से मे आकर गालियां देते हुये मेरे बेटे डिगेश्वर चंद्राकर के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया, तब मेरा बेटा वहां से वापस घर आ गया, इसके थोडी ही देर बाद चंद्रशेखर चंद्राकर गोड पारा गौरी चौरा के पास अपने भाई रोशन चंद्राकर के घर आया और उसे अपने साथ लेकर मेरे घर के सामने आकर जोर जोर मुझे व मेरे बेटे का नाम लेकर गालियां दे रहा था, जब मेरा बेटा उन दोनो के पास जाकर उनको गाली गलौज करने से मना किया तब दोनो मिलकर मेरे बेटे के साथ मारपीट करने लगे, तब मै बीच बचाव करने दौडी तो मेरे साथ भी दोनो मारपीट किये है, चंद्रशेखर चंद्राकर अपने हाथ मे पकडे लकडी के बेंठ वाले टंगिया के बेंठ वाले हिस्से लकडी तरफ से मुझे तथा रोशन चंद्राकर भी उसी टंगिया को लेकर लकड़ी तरफ के हिस्से से मेरे साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया है। मेरे बेटे डिगेश्वर चंद्राकर के साथ चंद्रशेखर चंद्राकर हाथ मुक्का तथा ईंटा के टुकड़ा से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। मारपीट में मुझे दोनो पैर के जांघ वाले हिस्से में चोट लगा है। मेरे बेटे को सिर, गले के पास चोट आया है।

# निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण और मुद्रण कार्य जारी

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने वर्चुअल बैठक में दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक संपादित करने प्रशिक्षण का आयोजन निरंतर जारी है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने वर्चुअल बैठक लेकर सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, एआरओ और ईआरओ को विस्तृत दिशा–निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्वाचक नामावलियों का का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम की तिथियों की विस्तृत जानकारी देते हुए उक्त कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु आवश्यक–दिशा निर्देश दिए हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचक नामावलियों का का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य हेतु समय–सीमा निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार तैयारी, प्रशिक्षण, मुद्रण हेतु 28 अक्टूबर से 03 नवंबर तक समय–सीमा निर्धारित की गई है। इसी प्रकार 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक गणना अवधि, 04 दिसंबर को मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण एवं उनको पुनः व्यवस्थित कराने, 05 दिसंबर से 08 दिसंबर तक नियंत्रण तालिका को अपडेट करना और प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करना, 09 दिसंबर को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन, 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 दावा आपत्ति दाखिल करने की अवधि, 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी ▶▶| शेष पेज 12 पर



## मंत्री अरुण साव से मिलकर ग्रामीणों ने सड़क और टिन शेड की मांग की



**गुण्डरदेही।** खपरी ब शक्ति केंद्र के सहसंयोजक कमलनारायण साहू के नेतृत्व मे ग्रामीण जन खोमन, टूमन, शत्रुहन, पाराम, दूजराम, आसकरण, किरण, संतोष, उमेद व अन्य ग्रामीणो ने लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणो ने मंत्री से पायल से ईरागुड़ा तक नई सड़क निर्माण की मांग व गांव के साहू भवन में टिन शेड निर्माण की मांग की गई।

## मरीजों की तकलीफ बढ़ी डॉक्टर छुट्टी पर, कम्पाउडर दे रहे दवाई

# डॉक्टरों की छुट्टी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बदहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

- मरीज निजी अस्पतालों का चक्कर लगाने को मजबूर

ग्राम कलंगपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरो के छुट्टी में चले जाने के कारण कम्पाउडर व नर्स मरीजो का ईलाज कर रहे है। ऐसे में कई मरीज डॉक्टरो की अनुपस्थिति के कारण वापस लौटने को मजबूर है।

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दो दिनों से एमबीबीएस व प्रभारी डाक्टरों के अनुपस्थिति में कम्पाउडर एवं नर्स ही स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का ईलाज कर दवाई दे रहे है।

बताया गया कि डॉक्टर अवकाश पर है, बहुत से मरीज डॉक्टर के अभाव मे बिना ईलाज कराए वापस हो जाते हैं। देखा जा रहा है कि वर्तमान मे मौसम में आये अचानक बदलाव के चलते लोगों में सर्दी–जुकाम, खांसी बुखार की शिकायत बहुत बढ़ गया है, ऐसे समय मे स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों के अनुपस्थित रहने से मरीज प्राइवेट डाक्टरो का चक्कर लगा रहे हैं। ग्राम कलंगपुर निवासी 65 वर्षीय गनेशिया बाई ने बताया कि सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आई थी, लेकिन उस दिन शासकीय छुट्टी के कारण स्वास्थ्य केंद्र बंद था, फिर दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे स्वास्थ्य केंद्र ईलाज कराने पहुंची तो पता चला की डॉक्टर आज छुट्टी मे है, इसलिए घर वापस आ गई, फिर तीसरे दिन बुधवार को फिर गई तो स्वास्थ्य केंद्र मे उपस्थित कम्पाउडर ने कहा कि आज भी डॉक्टर लोग छुट्टी मे है, आपको क्या परेशानी है पचएँ बनवा लो हम लोग दवाई दे देगें। इससे पता चलता है कि इस स्वास्थ्य केंद्र मे प्रभारी डॉक्टर के अनुपस्थिती में मरीजों के बिना जांच किए कम्पाउडर दवाई दे देते हैं।

वही कई ऐसे मरीज है जो शासकीय अस्पताल मे डॉक्टर नही मिलने के कारण और गंभीर समस्या होने के कारण निजी अस्पतालो मे महंगे दामो मे ईलाज कराने को मजबूर है। ऐसे मे लगातार डॉक्टरो की छुट्टी के कारण बी.पी, शुगर तथा अन्य नियमित ईलाज वाले मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही अचानक स्वास्थ समस्या वाले मरीजों के परिजन आपात स्थिति मे मरीजो को लेकर अस्पताल तो पहुंच रहे है। लेकिन डॉक्टर नही होने के कारण उन्हे आपात स्थिति के बाद भी समय बर्बाद कर खतरा उठाते हुए दूसरे जगह जा रहे है।




# प्रदेश कांग्रेस पूर्व सचिव तुकाराम ने 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग. तुकाराम साहू ने 15 नवंबर के जगह 1 नवंबर से धान खरीदी करने की मांग की है।

तुकाराम साहू ने कहा कि वर्तमान मे राज्य शासन छत्तीसगढ़ किसानो के धान को 15 नवंबर से खरीदने जा रही है, जो किसानों के साथ अन्याय है, पूर्व सरकार 1 नवंबर से धान खरीदी करती थी, जिससे किसानों को धान बेचने में सुविधा होती थी, अभी मौसम खराब है तथा किसान धान की कटाई व हार्वेस्टर के माध्यम से लुआई मिंजाई करवा रहे है। फसल बीते एक माह से पककर तैयार है, लगातार बारिश व मौसम खराब होने के कारण किसान धान की कटाई नही कर पा रहा है। खड़ी फसल में कीट प्रकोप हो रहा है। जिससे किसान परेशान है, कांग्रेस सरकार में 1 नवंबर से धान खरीदी की जाती थी जिससे किसान धान की मिंजाई कर धान सीधे समिति मे ले जाता था। जिससे उन्हे धान को रखने की समस्या नही रहती थी। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने खरीदी 15 नवंबर से की जाएगी ऐसे स्थिति में किसानों को मिंजाई करने के बाद धान को रखने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। कीट प्रकोप एवं खराब मौसम के कारण खड़ी फसल को नुकसान होने की आशंका है ऐसे मे किसानो को मजबूरी में मिंजाई कराना पड़ रहा है, लेकिन विलंब से धान खरीदी के कारण धान को रखने के लिए किसानो ▶▶| शेष पेज 12 पर

# खबर संक्षेप

## ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आज

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विभागों में ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन हेतु 30 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में एसडीएम कार्यालय, बीईओ, सीईओ, सीएमओ एवं अन्य विकासखण्ड स्तरीय कार्यालय में सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में सभी जिला स्तरीय कार्यालयों में दोपहर 02 बजे से शाम 04 बजे तक राज्य के प्रशिक्षकों के द्वारा ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## दाऊ वासुदेव की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**दुर्ग।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दाऊ वासुदेव चन्द्राकर की 18वीं



पुण्यतिथि 30 अक्टूबर को श्रद्धा व सम्मानपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा विभिन्न श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे मालवीय नगर चौक दुर्ग में होगा, जहां स्व. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों एवं स्नेहीजनों की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन में स्व. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर जी के तैलचित्र का स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दाऊजी के जीवन, संघर्ष एवं सार्वजनिक सेवा के योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। स्व. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर ने अपने राजनीतिक जीवन में जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए विकास के कई कार्यों को दिशा दी थी। वे अपने सादगीपूर्ण स्वभाव और समाजसेवा के प्रति समर्पण के लिए जन-जन में आदरणीय रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं दाऊजी के शुभचिंतकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि समारोह में भाग लें।

## सांस्कृतिक भवन में होंगे पेयजल के इंतजाम, महापौर ने की 5 लाख की घोषणा


**दुर्ग।** गहिरा गुरु धाम यादव सांस्कृतिक भवन में दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने यादवों के साथ गौ माता को खिचड़ी खिलाकर, पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण के आदम कद प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज द्वारा महापौर को सम्मानित किया गया। महापौर के समय सांस्कृतिक भवन में शौचालय और पेयजल के लिए नलकूप का इंतजाम किए जाने की मांग रखी गई, जिस पर महापौर ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव ने इस पर महापौर का समाज की तरफ से आभार व्यक्त किया गया। महापौर ने कहा कि जब तक राउत के दोहा व बाजा न बजे देवारी तिहार अधूरा रहता है। यादव श्रेष्ठ कृष्ण के गोवर्धन धारण सहकारिता के शानदार उदाहरण है।

# मतवारी की बेटी नीलिमा को मिला आईएएस कैडर, सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मतवारी की बेटी नीलिमा साहू अब आईएएस कैडर के अंतर्गत प्रशासनिक सेवा देंगी। नीलिमा वर्तमान में बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) के माध्यम से चयनित होकर विशेष कार्य पदाधिकारी (ओ एस डी) के तौर पर बिहार सरकार में सेवा दे रही थी। अब उनका चयन निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्ति के लिए हो गया है।

इस संबंध में केंद्र सरकार ने 27 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी है। नीलिमा साहू के पिता भैया लाल साहू रिटायर्ड हेडमास्टर और मां ढ़ेलेश्वरी साहू गृहिणी हैं। माता-पिता का शुरू से ही



(TO BE PUBLISHED IN THE GAZETTE OF INDIA, PART I, SECTION 2)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Personnel & Training

New Delhi, the 27th October, 2025

NOTIFICATION

No. ........- In exercise of powers conferred by Rule 8(2) of the Indian Administrative Service (Recruitment) Rules, 1954 read with Regulation 8 of the Indian Administrative Service (Appointment by Selection) Regulations, 1997 and Rule 3 of the Indian Administrative Service (Probation) Rules, 1954, the President is pleased to appoint the following members of the Non-State Civil Service of Bihar to the Indian Administrative Service against the vacancies determined by Government of India under Regulation 3 of the said Regulations in consultation with the State Government for the Select List of 2024 (Non-SCS), on probation until further orders and to allocate them to the Bihar Cadre, under Rule 5(1) of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954:-

Select List of 2024 (Non-SCS)
(Prepared against vacancies arises between 01.01.2024 to 31.12.2024)

| Sl. No. | Name of the officer (Shri/Smt.) | Date of Birth |
| --- | --- | --- |
| 1. | Neelima Sahu | [illegible] |
| 2. | [illegible] | [illegible] |

No. 14015/04/2025-AIS.I(S.II/III)-B

(Awanish Kumar Mishra)
Under Secretary to the Government of India
Phone No. 24010414

To

सपना था कि उनकी बेटी आई ए एस बने और नीलिमा ने अपनी मेहनत से यह सपना साकार कर दिखाया है।

नीलिमा ने बताया कि यह उनका गैर राज्य सिविल सेवा (नॉन एस सी एस) के तहत यूपीएससी का पहला प्रयास था। इससे पहले वे यूपीएससी में दो बार दो इंटरव्यू तक पहुँचीं, लेकिन चयन नहीं हो सका। हार न मानते हुए उन्होंने अपने अनुभवों से सीखा और तैयारी में और अधिक समर्पण से जुट गईं।

इसी बीच, उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की और वर्तमान में बिहार अल्पसंख्यक कल्याण सेवा की अधिकारी रहते हुए अतिरिक्त प्रभार एवं प्रतिनियुक्ति पर कई विभागों में अपनी सेवा देती रही व कार्यरत रहीं। अंततः उन्होंने यू पी एस सी परीक्षा में सफलता हासिल की।

## बीपीएससी से शुरू हुआ सफर, अब बनीं आईएएस



### मनाया सफलता का जश्न, आंखों में गर्व और खुशी के हैं आंसू

उनकी इस उपलब्धि से ग्राम मतवारी सहित पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने मिठाइयाँ बाँटकर नीलिमा की सफलता का जश्न मनाया। परिवार के सदस्यों की आँखों में गर्व और खुशी के आँसू हैं। क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर ने नीलिमा साहू को फोन कर सफलता की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नीलिमा ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है और युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। वर्तमान में वे बिहार प्रवास पर हैं और लौटने पर नीलिमा से मिलकर व्यक्तिगत रूप से बधाई देने की बात कही। नीलिमा कहती हैं, "असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने का एक मौका है। यदि मन में ठान लिया जाए, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं रहती।" नीलिमा की यह सफलता न केवल क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से हर सपना साकार किया जा सकता है।

## धान उपार्जन हेतु प्रशिक्षण शिविर, कलेक्टर ने दी गाइडलाइन की जानकारी

# 9 नवंबर से कटेंगे टोकन, 15 से धान खरीदी एग्रीटैक में पंजीयन के लिए भटक रहे बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर मंगलवार को दुर्ग, धमधा, पाटन एवं भिलाई-3 चरोदा के सभी अनुविभागों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केंद्र, सहकारी समितियों के अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति के प्रतिनिधि एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को तीन पालियों में बीआईटी कॉलेज दुर्ग में प्रशिक्षण दिया गया। बता दें कि एग्रीटैक पोर्टल में पंजीयन को लेकर किसान खासे परेशान हो रहे हैं। लगातार दिक्कत बनी हुई है। 150 से ज्यादा ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनके थम्प इंप्रेशन नहीं मिल रहे हैं। आई रेस भी अपलोड नहीं हो पा रहा है। इस वजह से लगातार वे चक्कर काट रहे हैं। पिछले साल जिले में 1.14 लाख किसानों ने धान बेचा था। इस बार भी इतने ही किसानों के पंजीयन का अनुमान है। वर्तमान में 98 फीसदी से ज्यादा ने पंजीयन करा लिया है। मंगलवार को बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जानकारी दी कि 15 नवम्बर से धान की खरीदी शुरू होगी। 123 खरीदी केंद्रों में उपार्जन होगा। 9 नवम्बर से टोकन कटना शुरू हो जाएगा। उन्होंने 30 अक्टूबर तक सभी शेष किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## भिलाई-3 चरोदा के सभी अनुविभागों में प्रशिक्षण



### 98 फीसदी से ज्यादा किसानों के पंजीयन का किया जा रहा दावा

प्रशासन द्वारा 98 फीसदी से ज्यादा किसानों के पंजीयन का दावा किया गया है। पिछले 24 से 26 अक्टूबर के बीच शिविर भी लगाए गए, जिसमें कई तकनीकी दिक्कतें सामने आईं। इस वर्ष धान बेचने के लिए किसानों को 31 अक्टूबर के पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया। इसके लिए विगत कई महीनों से समितियों में च्वाईस सेंटर के द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कार्य चल रहा है। जिले में 4292 किसान ऐसे हैं जिनकी व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है तथा 1737 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन लंबित है। इन सभी प्रकरणों का निराकरण कर पंजीयन किया जा रहा है। सेवा सहकारी समिति सिरसाखुर्द में 1196 पंजीकृत कृषक है। जिसमें 1090 का पंजीयन हो चुका है। व्यक्तिगत जानकारी के अभाव में 106 शेष है। सेवा समिति करंजा भिलाई में 1161 पंजीकृत किसानों में से 24 का पंजीयन होना शेष है। सेवा सहकारी समिति कोड़िया में पंजीकृत 2037 कृषकों में से 17 कृषकों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन होना शेष है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति अहिवारा में पंजीकृत 1616 कृषकों में 1600 का पंजीयन हो चुका है।

### नोडल अफसर अगले तीन दिनों तक समितियों का करेंगे निरीक्षण

कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगले दो-तीन दिनों में अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण कर लें। जहां भी कोई कमी हो, उसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, ताकि सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। मोबाइल नेटवर्क, स्टोरेज की स्थिति और ट्रकों के मार्ग में आने वाली बाधाओं की जांच पहले ही कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि 36 संवेदनशील केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहली बार नोडल अधिकारी बने अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी नीति का गहन अध्ययन करने तथा किसी भी शंका के समाधान के लिए ग्रुप में चर्चा करने को कहा। साथ ही प्रत्येक सप्ताह मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए और किसानों के रकबा समर्पण की प्रक्रिया समय पर सुनिश्चित की जाए।

### कोचिया और बिचौलियों पर नजर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई किसान पूरा बेच दिया तो तत्काल रकबा समर्पण कराए। सर्मपण हेतु घोषणा पत्र प्रारूप खाद्य विभाग से जारी कर दें। खरीदी केंद्रों में कोचिया व बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। खरीदी के दौरान उपस्थित किसानों से उनके दस्तावेज और ऋण पुस्तिका की जांच अवश्य की जाए। कलेक्टर ने मिलर्स के साथ समन्वय बनाए रखने, समय पर धान उठाव सुनिश्चित करने और हमालों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। किसी भी विवाद या समस्या की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देने को कहा। खाद्य निरीक्षक अनुराग भदौरिया ने धान उपार्जन केंद्रों में गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी, मानक आकार के स्टैक निर्माण, किस्मवार धान की स्टैकिंग, पुराने बारदाने के लेखांकन व मिलान और किसान टोकन तुंहर हाथ की विस्तृत जानकारी दी। मिलर्स से केवल जूट के बारदाने 40 किलोग्राम धान भराई के मान से ही प्राप्त किए जाएं। बारदाने अच्छे एवं उपयोग योग्य हों।

# डस्टबिन और कंटेनर नहीं होने से सड़क पर डंप हो रहा कचरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई के पटरीपार क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई है। गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर कचरे का ढेर लगा रहता है। जीई रोड के किनारे अस्थाई रूप से कचरा डंप हो रहा है। गंदगी और उठती बदबू से लोगों को हर दिन परेशानी उठानी पड़ रही है।

- पटरीपार क्षेत्रों में पूरी तरह से चरमरा गई सफाई व्यवस्था

पर्याप्त कंटेनर नहीं होने की वजह से सफाई कर्मियों और स्थानीय लोगों को सड़कों पर ही कचरा फेंकना पड़ रहा है। नतीजा ये है कि मवेशी इन कचरों को फैलाकर सड़क भर में गंदगी फैला देते हैं। सुपेला के महिंद्रा शो रूम के पास, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास, रामनगर बघवा मंदिर चौक और रावणभाठा मुख्य द्वार पर सुबह से रात तक कचरे के ढेर लगे आसानी से देखा जा सकता है। व्यस्ततम मार्ग होने के कारण यहां लोगों की आवाजाही रहती है। आसपास के लोग बदबू और गंदगी से परेशान हैं, लेकिन व्यवस्था जस की तस है। बता दें कि शहर में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई का नियम है। निगम द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। इसलिए कचरा फैलाने वालों के हौसले बुलंद हैं। इधर लोगों ने मांग की है कि मोहल्ले या वार्ड में नागरिक समिति बनें, जो सफाई की निगरानी करे। नगर निगम अगर महीने में एक बार उस समिति के साथ मीटिंग करें, तो शिकायतें सीधे फील्ड लेवल पर सुलझाई जा सकती हैं।

### शहर सुंदर रखना नागरिकों की भी जिम्मेदारी है

शहर को डस्टबिन मुक्त आदेश के बाद सभी बड़े कंटेनर हटा दिए गए हैं। मार्केट क्षेत्र में सूखा और गीला कचरे के लिए छोटे डस्टबिन रखे गए हैं। निगम अधिनियम 1956 की धारा 434 ऐसे मामलों में दंड का प्रावधान करता है।
**-जावेद अली,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम भिलाई

## कैंप क्षेत्र में झुलसे दिव्यांश की सर्जरी के लिए विधायक की एक और पहल

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत कैम्प क्षेत्र में



झुलसे दिव्यांश की सर्जरी के लिए विधायक रिकेश सेन ने एक और पहल की है। उन्होंने इस बच्चे की सर्जरी और उपचार का पूरा खर्च स्वयं वहन करेंगे। सुबह विधायक कार्यालय में बच्चे के माता-पिता ने सम्पर्क कर सर्जरी में हो रहे बड़े खर्च को लेकर आर्थिक रूप से अक्षमता जताई।

पटना के छठे घाट उगते सूर्य को अर्घ्य देने मौजूद विधायक रिकेश सेन से दिव्यांश के पिता ने फोन पर बात की। उन्होंने बताया कि दिव्यांश साहू के ऊपर कुछ बदमाशों ने बम जला कर फेंक दिया था, जिससे उनका बेटा बुरी तरह झुलस गया है। बीएम शाह हास्पीटल में उसे उपचारार्थ भर्ती कराया गया है। उसकी एक बड़ी सर्जरी होनी है जिसके लिए वो रूपये नहीं दे पा रहे हैं। रिकेश ने न केवल दिव्यांश के पिता को सर्जरी के पूरे खर्च का जिम्मा खुद उठाने का आश्वासन दिया, बल्कि बीएम शाह हास्पीटल के सर्जन डॉ. कोठारी से दिव्यांश के जल्द स्वस्थ होने के संबंध में चर्चा भी की। दूसरी तरफ सेक्टर-9 हास्पीटल में एडमिट अभिषेक यादव और हेमचंद्र के विषय में भी उन्होंने चिकित्सकों से चर्चा कर दोनों के शीघ्र स्वस्थ होने की छठी मैया से प्रार्थना भी की।

# छठ की धूम रही उतई में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

सूर्य उपासना का महापर्व छठ पर्व नगर पंचायत उतई में बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। आज सुबह नगर पंचायत उतई के शीतला तालाब में व्रती महिलाओं ने उगते भगवान सूर्य को जल अर्पित कर परिवार के सुख शांति की मंगल कामना की।

व्रती माताओं अपने परिवार सहित सुबह 5 बजे शीतला तालाब में बने घट पर पहुँचकर कर सबसे पहले तालाब किनारे बनी वेदियों की पर गन्ने का मंडप सजाया फिर छठ माता की पूजा के लिए घरों से सिंजरे में सजाकर लाए फल ,मिठाई और पारंपरिक पकवान ठेकआ ,लडडू आदि का भोग लगाया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू ने सभी श्रद्धालुओं से भेंट कर छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सेवानिवृत्त हुए बीएसपी कर्मियों को दी विदाई, अनुभव किए साझा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में सितंबर और उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र और उपस्थित पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का सम्मान करते हुए अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि हमारी सोसाइटी की सहकारिता जगत में विशिष्ट पहचान हमारे इन वरिष्ठ सदस्यों की बदौलत बनी है। ऐसे में हम अपने इन वरिष्ठ साथियों का योगदान हमेशा याद रखेंगे। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बात रखी। जनरल इस्टेब्लिशमेंट से गिरीश जैन, जयंत कुमार मुसले सहित कई कर्मियों ने कहा कि सेक्टर-6 सोसाइटी का कामकाज हमेशा पारदर्शी रहा है। इस दौरान निरंजन मधुकर मुले, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, चंद्रप्रकाश शर्मा, संतराम, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड ऑटोमेशन से अशोक कुमार गुप्ता, प्लेट मिल से जयंत कुमार मुसले, शाजी पी पप्पन, ओ एच पी से रामचरण वर्मा, वाटर मैनेजमेंट से रामकिशुन, ढेला आनंद, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस सीएचएम) से हरिराम, एलडीसीपी से दयाराम, स्टील मेल्टिंग शाप-2 से रामनारायण, मर्चेंट-वायर राड मिल से विभीषण बघेल, सिंटर प्लांट-3 से समेलाल, मोहन लाल वर्मा और राजहरा माइंस से योगेंद्र कुमार में उपस्थित सदस्यों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

## गणपति विहार फेज-4 के अधूरे कामों को लेकर नागरिकों ने जताया आक्रोश



**दुर्ग।** गणपति विहार कॉलोनी के फेज 4 के निवासियों ने लंबे समय से अधूरे पड़े कार्यों के प्रति बिल्डर द्वारा हीलाहवाला किए जाने से बिल्डर ऑफिस में पहुंचकर अपना आक्रोश व्यक्त किए। निवासियों ने बताया कि फेज 4 में गार्डन को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। खेल मैदान के लिए जगह तो उपलब्ध है लेकिन वहां समतलीकरण नहीं होने से बच्चे खेल नहीं पा रहे है। इन दिनों कॉलोनी में आवारा पशुओं की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं पेड़ पौधे भी असुरक्षित हो गए है। लोगों ने बिल्डर के प्रतिनिधि जय कुमार अम्बानी को सभी समस्याएं बताई जिन्हें बिल्डर ने प्रचारित किया था। चर्चा में जयकुमार ने आश्वासन दिया कि वे बिल्डर से बात कर शीघ्र शेष कार्य पूर्ण कराएंगे। उल्लेखनीय है लगातार फेज 4 के निवासियों ने समस्याओं के लिए अपना पक्ष रखा है पर हल नहीं निकलता देख गुस्सा फूट पड़ा।

## पेज 11 के शेष

### प्रदेश कांग्रेस पूर्व सचिव ....

को सुरक्षित ठिकाना खोजना पड़ रहा हैं, जिससे किसान को समय व मजदूरी दोनो का नुकसान हो रहा है, वही धान को खुले मे रखने के कारण किसानो को चोरी होने से बचाने एवं मवेशीयो से बचाने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। तुकाराम साहू ने कहा किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए सरकार को चाहिए कि 1 नवंबर से धान खरीदी करना चाहिया। जिससे किसानों को मौसम के मार से राहत मिले व बेचने में सुविधा हो, किसानों की लगातार मांग के बाद भी सरकार द्वारा अपनाए जा रहे। अड़ियल रवैया को देखते हुए ऐसा लगता है कि वर्तमान सरकार को किसानों के दुख दर्द से कोई मतलब नही है। सिर्फ किसान हितैशी होने का दिखावा कर रही है।

### निर्वाचक नामावली ...

2026 तक सूचना चरण (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन), गणना फॉर्मों पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निपटान ईआरओ द्वारा एक ही साथ किया जाएगा। 03 फरवरी 2026 तक निर्वाचक नामावलियों की परिशुद्धता मानकों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त किया जाएगा तथा 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।







B'day 30 अक्टूबर
जनसेवा के पर्याय, जय जवान जय किसान की भावना को अग्रसर
करने वाले किसान नेता, बालोद जिले की राजनीति के अजातशत्रु
पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालोद
श्री पुष्पेन्द्र चन्द्राकर जी
आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर
अध्यक्ष-जिला पंचायत बालोद
पुष्पेन्द्र चंद्राकर
पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालोद
पूर्व सरपंच ग्राम.पं. रजोली
तोमन साहू
उपाध्यक्ष : जिला पंचायत बालोद
पुरुषोत्तम चंद्राकर
अध्यक्ष : जनपद पंचायत गुण्डरदेही
कांति सोनेश्वरी
जिला पंचायत सदस्य, बालोद
नितीश यादव
उपाध्यक्ष : जनपद पंचायत बालोद
लेखराम साहू
अध्यक्ष : सरपंच संघ गुण्डरदेही
त्रयोदय मुकेश
सरपंच ग्राम पं.-रजोली
महेन्द्र साहू
रामेश्वरी चंद्राकर
सगेश्वरी निषाद
कुलेश्वरी साहू
हेमलाल यादव
जोतेश्वरी साहू
लीना देशमुख
पेमिन साहू
हिंछाराम ठाकुर
कुसुम देशमुख
भारती देवांगन
जशवंत कोसरे
महेन्द्र सोनकर
सत्यवती साहू
लोकेश कुमार
रोशन सोनवानी
भेनुराम साहू
सुधा चंद्राकर
लक्ष्मी ठाकुर
रोमेश यादव
सरस्वती चंद्राकर
गजपति साहू
प्रीति ग्वालियर
चित्रलेखा गंजीर
आकाश चंद्राकर
डिकेश्वरी
ज्योति राउत
खिलेश्वरी महार
प्रतिमा देशलहरे
रंजना पवार
हेमपुष्पा
राजेश सोरी
जितेश्वरी
पुष्पा सिन्हा
महेन्द्र साहू
मधु देशमुख
तिलेश्वरी बघेल
प्रमोद पटेल
योगेश्वर साहू
सरोज बाला बंजारे
देवेन्द्र साहू
जीतेन्द्र चंद्राकर
खोमलाल साहू
पूजा यादव
सिमरन
तारणी देशमुख
हरिवंश जोशी
कचरा बाई
अनिल सोनी
नविता साहू
वागीश बंजारे
बृजलाल साहू
रुखामनी निर्मलकर
डीलेश्वर साहू
कुमुदनी साहू
प्रीतम ठाकुर
जगेश्वरी साहू
परमानंद देशमुख
दशमत रात्रे
शैलेन्द्र निषाद
रुपेश्वर यादव
भगवत साहू
दमयंतिन मारकंडे
रोहित कुमार
विनीत : समस्त सरपंचगण, गुण्डरदेही विधानसभा

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों का जीवित प्रमाण पत्र 5 से 14 नवंबर तक भरा जाएगा

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, तहसील डौण्डीलोहारा का मासिक बैठक दिनांक 05 नवम्बर समय दोपहर 12.00 बजे अपरान्ह से नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में आयोजित है। इस बैठक में सन्-2026 के लिए पेंशनरों का जीवित रहने का प्रमाण पत्र भराया जावेगा। जिसके लिए आधार कार्ड, पेन कार्ड, पी.पी.ओ. की प्रति एवं पासबुक की छायाप्रति के साथ स्वयं का मोबा. नंबर लेते हुए आवे, जिससे प्रमाण पत्र भरा जा सके। दिनांक 05 से 07 नवंबर एवं दिनांक 10 से 14 नवंबर तक प्रतिदिन 11 बजे से 2.00 बजे तक पेशनर भवन में फार्म भराया जावेगा। इसके साथ ही जिला बालोद एवं तहसील डौण्डीलोहारा का सदस्यता शुल्क भी जमा करेंगे। साथ ही गत माह का आय-व्यय एवं व्यक्तिगत समस्या का निराकरण भी किया जावेगा। जो पेंशनर बिस्तर पर हैं या बीमार हैं वे लोग ब्रांच मैनेजर की सहयोग से अपना जीवित रहने का प्रमाण पत्र भरेंगे। सियाराम शार्वा, अध्यक्ष पेंशनर समाज डौण्डीलोहारा ने एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें ।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आवेदन प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय विकासखण्ड क्षेत्र के पात्र नागरिकों के लिए छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत विधवा, परित्यक्त महिला, दिव्यांगजन एवं 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र 30 अक्टूबर तक समाज कल्याण विभाग में जमा किए जा सकेंगे। इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन दो प्रतियों में हिंदी में भरना अनिवार्य है तथा इसके साथ पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो फ्रंट पेज पर लगाना होगा। निवास प्रमाण हेतु आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र अथवा शासन द्वारा स्वीकृत अन्य प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक अपने ग्राम पंचायत में आवेदन जमा करेंगे जिसे जनपद पंचायत के माध्यम से भेजा जाएगा, वहीं शहरी क्षेत्र के आवेदक नगर निकाय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त सभी आवेदन परीक्षण उपरांत आगे की कार्यवाही के लिए शासन को प्रेषित किए जाएंगे।

### पात्र-अपात्र सूची जारी

**बालोद।** वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक एवं एम.आई.एस. सहायक की नियुक्ति हेतु पात्र–अपात्र सूची जारी की गई है। अपर कलेक्टर ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पंरपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों की प्रभावी एवं सूचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) एवं 02 एम.आई.एस. सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति की जाएगी। जिसके अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के जाँच उपरांत पात्र–अपात्र सूची जारी की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अभ्यर्थी 04 नवंबर 2025 तक दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी जिले के वेबसाईट बालोद पर अवलोकन किया जा सकता है।

## डीईओ मधुलिका तिवारी व चेयरमेन तोमन साहू ने किया रेडक्रॉस शिविर का शुभारंभ

# रेडक्रॉस का प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला बालोद के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबंधन शिविर बुधवार को शास हाई स्कूल जमरूवा में प्रारंभ हुआ।

शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि छग राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू थे। अध्यक्षता डीईओ बालोद मधुलिका तिवारी ने किया। विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस ज़िला चेयरमेन डॉ.प्रदीप जैन, वाईस चेयरमेन कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रुप नारायण देशमुख, शिविर संचालक प्राचार्य अरुण साहु, सहायक शिविर संचालक दुर्गेश नंदिनी यादव प्राचार्य दुधली, प्राचार्य हाईस्कूल जमरुवा अंजना बेग, प्रबंध समिति सदस्य शरद ठाकुर और समस्त जेआरसी काऊंसलर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिन कुल 220 छात्र छात्रओं एवं 70 काऊंसलर को राज्य चेयरमेन तोमन साहू ने शिविर का उद्देश्य एवं रेडक्रॉस सोसायटी की सिद्धांत को समझाया एवं शिविर के महत्व पर प्रकाश डाले। उन्होने कहा सभी प्रशिक्षण प्रदानकर्ता एवं प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता को शिविर में सीखाए गए सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जीवन भर पालन करें। डॉ.प्रदीप जैन एवं डीईओ बालोद मधुलिका तिवारी ने कहा छात्र छात्रओं एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए सभी महिला एवं पुरुष काऊंसलर शिविर को आत्मानुशासन एवं स्व अनुशासित ढंग से शिविर का लाभ उठाएं एवं मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। आज प्रथम दिवस पर रेडक्रास के प्रार्थना, झण्डा गीत, रेडक्रास के नियम व सिध्दांत की जानकारी दी गयी।

शिविर आयोजन समिति में चंद्रशेखर पवार मधुमाला कौशल, रोहित देशमुख, कादंबनी यादव, संजय बंजारे, लिलीपुष्पा इक्का, रोहित देशमुख, मनमोहन सिंह धाकड़, चित्रलेखा ठाकुर, गायत्री साहू, रीमा सोरी, नरेंद्र यादव, सौरभ शर्मा, हुमेश साहू एवं अन्य शाला के प्रभारी शिक्षक उपस्थित थे।

## लघु वनोपज संघ के यज्ञदत्त शर्मा बने उपाध्यक्ष





**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ रायपुर में अशासकीय सदस्यों की कमेटी के सदस्यों ने बालोद निवासी यज्ञदत्त शर्मा की नियुक्ति उपाध्यक्ष के पद पर की गई है। जिसमें अध्यक्ष का पद जिला नारायणपुर निवासी रूप साय सलाम को सौंपा गया है। यज्ञदत्त शर्मा की नियुक्ति पर नगर में हर्श व्याप्त है।

## सुर्रा संकुल भानपुरी में न्योता भोज कराया



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुर्रा संकुल भानपुरी में एसएमसी अध्यक्ष केदार साहू द्वारा अपनी पत्नी स्व. रामकली की स्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मृतक आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। न्योता भोज आयोजन के लिए शाला परिवार की ओर से प्रधानपाठक डीएल साहू द्वारा साहू के परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एनके मंडावी उपस्थित रहे।

## डॉ. साहसी उत्कृष्ट सामाजिक शिक्षा रत्न से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोडा के हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ डॉ बी. एल. साहसी, 31 अक्टूबर 2023 से अब तक 10वीं बार विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ कलार समाज के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम बार छत्तीसगढ़ के कलार समाज के शिक्षकों के लिए सामाजिक शिक्षा रत्न सम्मान का आयोजन वीमतरा रायपुर में किया गया, यह कार्य समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रुपनारायण सिन्हा राकेश पांडे योगेश्वर राजू सिन्हा, दीपक सिन्हा ,भोज राम डड़सेना ,देवेंद्र सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, की उपस्थिति में उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में मंडल स्तरीय सदस्यों का मुख्य योगदान रहा है।

जिसमें डॉ बी. एल. साहसी को भी उत्कृष्ट सामाजिक शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उनके इस उपलब्धि के लिए उनके परिवार के वासुदेव साहसी ,किरण साहसी, राजेश कुमार साहसी, ममता साहसी, नम्रता साहसी, हर्षर्धन साहसी, आशु ,श्रृंगी, डोमेन्द्र कुमार साहसी, काजल साहसी नेहुल ,हर्षित एवं राघव साहसी, होम लाल, लाल राम साहसी ,ललित साहसी,भुवनेश्वर, तथा शाला स्टाफ की ओर से अजय मुखर्जी प्राचार्य, वाय. एस मरकाम व्याख्याता सी.जी. पटेल व्याख्याता, जे.पी. बांधव व्याख्याता, हेमेन्द्र साहू व्याख्याता ,घनश्याम पटेल व्याख्याता, त्रिजला ठाकुर,मुक्ति एवं क्लर्क स्टाफ ने हर्ष जताया।

## साहू समाज का तहसील स्तरीय चुनाव कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर




साहू समाज का तहसील स्तरीय त्रिवर्षीय चुनाव 31 अक्टूबर को तहसील मुख्यालय पाटन में होना तय हुआ है। इसके पहले परिक्षेत्रीय साहू समाज और स्थानीय साहू समाज का चुनाव संपन्न हुए। तहसील चुनाव के बाद जिला एवं प्रदेश साहू समाज का चुनाव प्रक्रिया अनुरूप संपन्न किया जाता है।

पाटन तहसील स्तरीय चुनाव में अध्यक्ष पद के सशक्त दावेदार के रूप समाज के तहसील साहू समाज के कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू गातापार दक्षिण पाटन से पहली बार चुनाव मैदान में उतरे है। इनका मुकाबला रनिंग तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू तेलीगुंडरा से है। समाज के चुनाव में राजनीति तो वर्जित है। लेकिन इन दोनों दावेदारों की राजनीति पृष्ठभूमि एक ही राजनीति दल से है। विदित हो कि साहू समाज के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू भी पाटन तहसील के निवासी है। पाटन तहसील अंतर्गत 5 परिक्षेत्रीय साहू समाज और 95 से अधिक स्थानीय साहू समाज की भूमिका तहसील साहू समाज चुनाव में होगी। सामाजिक एकता पैनल में लालेश्वर साहू गातापार अध्यक्ष पद, डुलेश्वर साहू मटंग उपाध्यक्ष पुरुष, विमला साहू सेलूद उपाध्यक्ष पद महिला, सुरेंद्र साहू पाहंदा संगठन सचिव पुरुष, भुनेश्वरी साहू कुम्हली संगठन सचिव महिला प्रत्याशी है। भक्त माता कर्मा पैनल के प्रत्याशी में दिनेश साहू तेलीगुंडरा अध्यक्ष पद, किशोर साहू जामगांव आर उपाध्यक्ष, पुरुष अंजिता गोपेश साहू पतोरा उपाध्यक्ष महिला, उमेश साहू अमलेस्वरडीह संगठन सचिव पुरुष अमलेशर, लीना साहू बोरेन्दा संगठन सचिव महिला प्रत्याशी है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 नवंबर को


**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 नवंबर को सुबह 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया कि उक्त बैठक में माह नवंबर में पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा किया जाना है, इसलिए पेंशनर साथी अपने साथ पीपीओ. नंबर, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक की कॉपी एक पास पोर्ट साइज फोटो लेकर आएंगे, उक्त दिवस बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे फार्म भी पेंशनर भवन में उपलब्ध रहेगा भरा हुआ फार्म बैंक के कर्मचारी जमा कर अपने साथ ले जायेंगे। साथ ही अन्य आवश्यक जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी। इसलिए सभी पेंशनर साथी अधिक संख्या में उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र अवश्य भरवा लेने की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालोद।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिले के इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित की गई है। जिला परियोजना लाईलवीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिले के इच्छुक हितग्राहियों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड, सोलर पैनल इंस्टालर (सूर्य मित्र), मोबाईल रिपेयरिंग राजमिस्त्री, फाल्स सिलिंग एवं ड्रायवाल इंस्टालर, कस्टम केयर एक्जीक्यूटिव संकाय के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण इच्छुक हितग्राही जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में कार्यालयीन समय में समस्त शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति, निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

## भागवत कथा भव पार कराने में सहायक : आचार्य हरीश

### नश्वर शरीर में आडंबर नहीं, भक्ति में ही जीवन की सार्थकता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर में श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ बुधवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। पोथी स्थापना के साथ परीक्षित जन्म बरह अवतार पर कथा व्यास आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कहा कि भागवत कथा भव पार कराने में महती भूमिका निभाती है। मुख्य यजमान प्रकाश पूजा केला सहित मीठालाल केला परिवार उपस्थित रहे। कलश यात्र मां कल्याणी शीतला मंदिर जामगांव आर पहुंची। थोथी ज्ञान बांटने से बचे। आचार्य ने कहा कि भक्ति ज्ञान और वैराग्य इस कलीकल में जीवन को सार्थक बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है। किंतु विडंबना तो यह है कि यहां ज्ञान बांटने वाले ज्यादा है ध्यान रखे ज्ञान ग्रहण करने वाला का ही भला होता है केवल थोथी ज्ञान बांटने वालों का नहीं।

व्यासपीठ से आचार्य श्री ने कहा कि ज्ञान से जब व्यक्ति का साक्षात्कार होता है तब वैराग्य प्रगट हो पाता है। राजा परीक्षित भागवत सुनकर मोक्ष प्राप्त कर लिए। भागवत श्रवण करे उलझनों से मुक्ति मिल जाएगी। आचार्य श्री ने कहा कि नश्वर संसार में शरीर किराए का मकान है इसे परमानेंट समझकर सजावट मेकअप में जीवन व्यर्थ नहीं गवाए। भागवत भगवान के शरण में समय लगाए जीवन को सद्गति मिल जाएगी और जीवन का रहस्य समझ आने लगेगा। अज्ञानता दूर हो जाएगी और बिना मेकअप की जीवन सुंदर से सुंदरतम संवर जाएगी। जीवन आडम्बर में ना गुजारे। दुर्लभ मानव जीवन के मर्म को समझे जीवन का उद्धार करने का अवसर मिला है भागवत भगवान के शरण में भरपूर लाभ उठाए। भागवत श्रवण करे उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

## गायत्री शक्तिपीठ में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- अखिल विश्व गायत्री परिवार ने वनांचल में दिया संस्कार का ज्ञान

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा के मार्गदर्शन में वनांचल ग्राम लमती (कमकापार)में बारह गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ यज्ञीय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का संचालन मितानिन प्रशिक्षक तथा आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के ब्लॉक प्रभारी खेमीन झारिया के द्वारा किया गया। झारिया दीदी ने पुंसवन संस्कार के माध्यम से गर्भस्थ शिशु को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने शास्त्र सम्मत जीवनचर्या अपनाने हेतु जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैसे मां मदालसा ने अपने आचार, विचार और व्यवहार को सकारात्मक, आध्यात्मिक रखकर अपने तीनों संतान को देवतुल्य, ब्रह्मज्ञानी बना दिये तत्पश्चात अपने चक्रवर्ती सम्राट पति के कहने पर एक वीर योद्धा को जन्म देकर उतराधिकारी वीर सम्राट के रूप में निर्माण किया। अतः माता केवल जन्मदात्री ही नहीं बल्कि निर्मात्री भी होती है। घर के वातावरण को आध्यात्मिक बनाने के लिए बलि वैश्य यज्ञ के बारे में



बताया गया। इस यज्ञ के माध्यम से हम घर के सभी सदस्यों के मनः स्थिति को सुंदर और सुखी बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में संस्कार कराने हेतु सारिका, भारती, संतोषी, इंद्राणी, पल्लवी, हेमलता, दीपिका, यमुना, नंदिनी, कविता, प्रतिभा, बिना उपस्थिति रही। कार्यक्रम में दो बच्चों प्रियांशी,गुनाक्षी का अन्नप्राशन संस्कार में संपन्न हुआ। मितानिन रामेश्वरी, कैलाश बाई गोटे, अहिल्या रावटे, बिसाहीन आदि का सहयोग रहा।

## साहू समाज के परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा पांच दिवसीय विवाह योग्य युवक युवतियां के पंजीयन एवं परिचय सम्मेलन के अंतिम में बालोद जिला से दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, रायपुर जिला से भी सामाजिक जनो ने शादी योग्य युवक युवतीयो का पंजीयन कराया। समाज प्रमुखो ने बताया प्रत्येक रविवार को तहसील साहू संघ के कल्याण सिंह साहू व जेआर साहू के विशेष



मार्गदर्शन में पंजीयन का कार्य जारी रहेगा और जिस किसी स्वजातीय बंधुओं को विवाह योग्य युवक युवतियों की जानकारी चाहिए वे सभी साहू सदन में संपर्क कर प्रातः 11 बजे से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

अंतिम दिवस मे युवक युवती परिचय सम्मेलन में बालोद जिले के आस पास दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव के सभी तहसीलों के विवाह योग्य युवक युवती पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किए। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा उपाध्यक्ष हेमंत साहू, व रामदुलारी साहू, संगठन सचिव किशन लाल साहू, तीरथ साहू, सचिव संतोष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे, वीरेंद्र साहू, हेमंत साहू, राजेंद्र साहू, मिलन साहू, चंद्रकांत साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष रवि कुमार साहू, चंद्रहास साहू, लेखु राम साहू, भीषम साहू, झग्गर साहू तथा पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कल्याण सिंह साहू, मोती राम साहू, भीखा राम साहू, कुलेश्वर साहू इत्यादि बड़ी संख्या में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias,Vaginoplasty, गुप्त स्थानो की सर्जरी
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411